मांग

पंडरिया-बिछिया-मंडला-बीजाडांडी-ग्वारीघाट तक प्रस्तावित 230 किमी के मिसिंग लिंक को शीघ्र स्वीकृति दिलाने का मामला

# मानसून सत्र में गूंजेगी नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर की मांग



**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों की वर्षों पुरानी रेल कनेक्टिविटी की मांग को नया बल मिला है।

स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन ने 8 जुलाई को कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत से दूरभाष पर चर्चा कर नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर (पेंड्रा-श्रीधाम), बिलासपुर-मंडला-जबलपुर रेल लाइन तथा पंडरिया-बिछिया-मंडला-बीजाडांडी- ग्वारीघाट तक प्रस्तावित 230 किलोमीटर के मिसिंग लिंक को शीघ्र स्वीकृति दिलाने की मांग रखी। चर्चा के दौरान सांसद से इन परियोजनाओं के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे, अद्यतन ट्रैफिक सर्वे और बजट आवंटन का मुद्दा मानसून सत्र में लोकसभा में उठाने का आग्रह किया गया।

### पंडरिया-मंडला-ग्वारीघाट रेल लिंक पूरा हो

रेल एक्टिविस्ट ने सांसद को बताया कि मध्य प्रदेश विधानसभा में इस रेल परियोजना के समर्थन में अशासकीय संकल्प पारित कराने के प्रयास भी जारी हैं, ताकि केंद्र सरकार तक इस मांग को मजबूती से पहुंचाया जा सके। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कोटा विधायक से भी चर्चा कर विधानसभा स्तर पर पहल करने का आग्रह किया गया है और इसके लिए आवश्यक प्रारूप भी उपलब्ध कराया गया है। विशेष रूप से 230 किलोमीटर के पंडरिया-मंडला-ग्वारीघाट रेल लिंक के लिए वर्ष 2012-13 से लंबित पुनरीक्षित ट्रैफिक सर्वे को शीघ्र पूरा कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया सांसद ज्योत्सना महंत ने पूरे विषय को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में इन रेल परियोजनाओं को प्रमुखता से उठाएंगी। उन्होंने आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों के विकास के लिए बेहतर रेल संपर्क की आवश्यकता को स्वीकार किया।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

रेल एक्टिविस्ट ने ज़्यादा जानकारी देते हुए बताया कि यह रेल कॉरिडोर केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण आधार बनेगा। चर्चा के बाद परियोजना से जुड़े तकनीकी दस्तावेज और प्रस्ताव सांसद को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस पहल के बाद नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर और पंडरिया-मंडला-ग्वारीघाट रेल लाइन को लेकर क्षेत्र में उम्मीदें और तेज हो गई हैं।

# धात्री महिला को मिली चिकित्सकीय सहायता

पमरे की तत्परता से यात्रा कर रही 20 वर्षीय महिला को मिला त्वरित इलाज

**जबलपुर, नवभारत।** पमरे के जबलपुर मंडल रेल प्रशासन की तत्परता एवं समन्वित कार्यवाही के परिणामस्वरूप कटनी रेलवे स्टेशन पर एक गर्भवती महिला यात्री को समय रहते चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराकर सुरक्षित उपचार सुनिश्चित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संघमित्रा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12295) में यात्रा कर रही लगभग 20 वर्षीय महिला, जो गर्भावस्था के सातवें से आठवें माह में थीं, को यात्रा के दौरान अचानक पेट में तीव्र दर्द की शिकायत हुई।

घटना की सूचना मिलते ही उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) महेंद्र कुमार ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए रेलवे चिकित्सक तथा 108 एम्बुलेंस सेवा को मौके पर बुलाया। रेलवे चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान करने के उपरांत महिला की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहाँ एम्बुलेंस के माध्यम से सुरक्षित पहुँचाया गया। जबलपुर रेल मंडल की त्वरित कार्यवाही, चिकित्सकीय टीम की सक्रियता तथा संबंधित कर्मचारियों की संवेदनशीलता एवं समन्वय के कारण महिला यात्री को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सका।



## प्रयास ने सब-इंस्पेक्टर परीक्षा में हासिल की चौथी रैंक



**सिहोरा, नवभारत।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद युवाओं में भारी उत्साह है। इस परीक्षा में मूलत: सिहोरा के रहने वाले प्रयास नामदेव ने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प की बदौलत पूरे मध्य प्रदेश में चतुर्थ रैंक हासिल की है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे क्षेत्र और नामदेव समाज में हर्ष का माहौल है।

प्रयास नामदेव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, गुरुजनों के आशीर्वाद और अपनी निरंतर पढ़ाई को दिया है। एक बेहद कड़े मुकाबले और लाखों अभ्यार्थियों के बीच मध्य प्रदेश स्तर पर टॉप-5 में जगह बनाना उनकी उत्कृष्ट रणनीति और विषय पर मजबूत पकड़ को दर्शाता है। प्रयास की इस सफलता पर उनके गृहग्राम/नगर में जश्न का माहौल है। रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों द्वारा उन्हें उज्ज्वल भविष्य और पुलिस विभाग में एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवा देने के लिए लगातार शुभकामनाएं दी हैं।

# बदहाल सड़कें बयां कर रहीं विकास की तस्वीर

पक्की सड़क के लिए बरसों से कर रहे इंतजार, नगर पालिका पनागर के गुरूनानक वार्ड का मामला

**पनागर, नवभारत।** नपा परिषद पनागर के जनप्रतिनिधि सभी 15 वार्डों में करोड़ों के विकास और निर्माण कार्य होने का दावा करते रहे। उनमें से कुछ जनप्रतिनिधि ऐसें हैं, जो वर्तमान में नपा के कसीदे गढ़ते थकते तक नहीं रहे। मगर वार्डों में पहुंचने के बाद हालात कुछ अलग ही दिखाई दे रहे हैं। ज्यादातर वार्डों में बनी सीमेंट-कांक्रीट की सड़कें एक बारिश भी नहीं झेल सकीं। इसका कारण निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं होना और कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया जाना है।

मेन रोड पुराने चुंगी नाका के सामने शुरूआती स्थिति में सब बेहतर दिखाने के लिए नगर पालिका से सीमेंटेड सड़कें तो बखूबी बनाई, लेकिन इसी कॉलोनी के भीतर आज भी वाशिन्दे नरकीय जीवन गुजारने सालों से मजबूर हैं। यहां न तो सड़कों को पक्का बनाया गया और न ही नाली की कोई व्यवस्था की गई। नतीजन बारिश के समय यह सड़कें तालाब नुमा और कीचड़ से सराबोर हो जातीं हैं। पानी निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के रहवासियों को घुटने तक पानी और कीचड़ से होकर रोजाना की दिनचर्या के लिए गुजरना पड़ता है। अनेक शिकवा-शिकायतों के बाद भी नगर पालिका के जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे मौन धारण किए हुए हैं।

### दो पहिया वाहन ले जाना तक मुश्किल

कॉलोनी के वाशिन्दों ने बताया कि जब भी चुनाव का समय आता है, तो पार्षद समेत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं, लेकिन बाद में सब शांत हो जाते हैं। शिकायतों के बाद भी यहां कोई झांकने तक नहीं आता। स्थानीय पार्षद को भी यहां की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। थोड़ी बारिश होते ही यहां के रहवासियों को एक-दूसरे के घरों में अपने दो पहिया वाहनों को खड़ करना पड़ता है।

### निकलते हैं जहरीले जीव-जंतु

कॉलोनीवासियों के आरोप हैं कि यहां के सड़कों की स्थिति बारिश के दौरान इतनी भयानक हो जाती है कि पानी भरने के साथ ही जहरीले जीव और जंतु घरों में प्रवेश करने लगते हैं। रात के वक्त बिजली कटौती के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। फिर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया।



**इनका कहना है**

वार्ड में कार्य होते जा रहे हैं आगामी बैठक में उसी रोड के निर्माण साथ में नाले निर्माण का कराने चर्चा होगी।

**प्रीति बहादुर राय, पार्षद**

हमारे गांव को नगर पालिका में शामिल तो कर लिया गया, लेकिन यहां पर मूलभूत सुविधाएं वर्षों बाद भी नहीं दी जा सकीं। पक्की सड़क, नाली का निर्माण नहीं कराया। नपा की पेयजल सप्लाई से 4 दिन में एक बार पानी मिल रहा।

**कैलाश बर्मन, रहवासी**

### एक नजर में

### बिलखरवा में शोभायात्रा के साथ भागवत प्रारंभ



**बेलखाडू।** कटंगी रोड पर सूरतलाई से पूर्व दिशा में स्थित ग्राम बिलखरवा के भव्य राधा कृष्ण मंदिर में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह आयोजन का आज से शुभारंभ हुआ। ग्राम की श्रीमती ऊषा गोविन्द तिवारी द्वारा आयोजित कथा में व्यास पीठ से पंडित आत्म पुरोहित श्रीदत्त जी महाराज दिव्य ज्योति धाम कोनी खुर्द द्वारा श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यहां पर मुख्य पुजारी कैलाश तिवारी है।

### अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाने के निर्देश

**डिंडौरी, नवभारत 9 जुलाई।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी डिंडौरी द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर एवं शुभकामना संदेशों को हटाने के संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया है। यह निर्देश उच्च न्यायालय, जबलपुर के आदेश एवं मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के पालन में जारी किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार जिले के समस्त राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स से सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग तीन दिवस के भीतर हटाना सुनिश्चित करने को कहा गया है। एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समयावधि में अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर नहीं हटाए जाने की स्थिति में मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1994 के तहत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों से इन प्रचार सामग्रियों को प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### सर्पदंश पर तुरंत अस्पताल पहुंचे : सीएमएचओ

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही. एस. चंदेल ने जिलेवासियों से वर्षा ऋतु एवं बदलते मौसम को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान सांप एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए रात्रि के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। यदि आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े तो टॉर्च का उपयोग अवश्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# कैंडल मार्च निकाल कर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**पनागर, नवभारत।** ब्लॉक कांग्रेस नगर कांग्रेस युवक कांग्रेस मंडलम कांग्रेस के तत्वावधान में कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि राजस्थान में एक 13 साल की बच्ची जिसके साथ 32 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म कर निंदनीय अपराध किया है और बच्ची ने इस दौरान दम तोड़ दिया।

इस दर्दनाक घटना के विरोध में बच्ची के आत्मा की शांति हेतु आज कांग्रेस कार्यालय नगर पालिका के सामने एकत्रित होकर सभी कांग्रेसजनों श्रद्धा सुमन अर्पित किया, तत्पश्चात नगर में एक कैंडल मार्च भी निकाला गया जो गांधी मैदान पर जाकर गांधी जी के स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि, प्रवीण चौबे संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका, सुनील प्रजापति नगर अध्यक्ष, अर्जुन कुशवाहा मंडलम अध्यक्ष आकाश प्रजापति ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष, तुलसीराम कुशवाहा पार्षद पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष, सीताराम कुशवाहा, रामू मिश्रा बाबू खान, बेड़ी लाल कुशवाहा पार्षद, मनोज पहलवान, संतोष प्रजापति, अविनाश सेन संदीप शर्मा, रणजीत यादव, विजय राय, रिहान अली, अहमद खान, रामदास पटेल, सानू खरे जावेद खान, आनंद यादव, अनिल यादव सुनील केवट, धनराज केवट, पवन साहिल, अनु शर्मा, शिव प्रजापति, उत्तम प्रजापति, जितेंद्र पटेल, विष्णु पटेल, संतोष कुशवाहा दिलीप ठाकुर, जितेंद्र पटेल ने उपस्थित होकर मासूम बच्ची को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में समापन वरिष्ठ नेता रामदास पटेल ने किया।







## मूंग-उड़द खरीदी को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**पाटन, नवभारत।** भारतीय किसान संघ की पाटन तहसील ईकाई के तत्वावधान में समर्थन मूल्य पर होने बाली मूंग उरद की खरीदी में को लेकर किसानों को आ रही समस्याओं के निदान के संबंध केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उपज की खरीदी 5 क्विंटल प्रति एकड़ करने खरीदी केंद्रों का निर्धारण किसानों के अनुसार करने, जिन किसानों की गिरदावरी और पंजीयन नहीं हुए है उन्हें एक निर्धारित तिथि तक अवसर प्रदान किये जायें खाद की जो कमी सामने आ रही है उसे भी ब्लॉक स्तर पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी है कि इन सभी संबंध में तत्काल आदेश जारी किए जाए ज्ञापन के दौरान मोहन तिवारी रामकृष्ण सोनी मुकुल पचौरी रितेश पचौरी रामदास मदन मोहन शुभाष पटेल रघुनाथ सिंह गौरीशंकर तिवारी राकेश पारासर महेन्द्र पटेल सरदार पटेल सहित अन्य किसान उपस्थित रहे


## सांदीपनी विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**करंजिया, नवभारत 9 जुलाई।** जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे की उपस्थिति में सांदीपनी विद्यालय, करंजिया मोहतरा में विद्यार्थियों के बीच पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से पौधारोपण कर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

**पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प-** कार्यक्रम में जनपद सदस्य दिलीप चौबे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष निरपत चंदेल, ललन ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र उर्मलिया, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया तथा सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।







# किराना व्यवसायी की हत्या से फैली सनसनी

विक्रमपुर चौकी क्षेत्र के हरई गांव की घटना

**शहपुरा नवभारत 9 जुलाई।** जिले के विक्रमपुर चौकी अंतर्गत हरई गांव में गुरुवार को चोरी और हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाश एक किराना व्यवसायी के घर में घुसकर चोरी करने के बाद उनकी हत्या कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान हरई निवासी ऊधोराम साहू के रूप में हुई है, जो गांव में किराना व्यवसाय का संचालन करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।

### बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसे थे

सूचना पर विक्रमपुर चौकी प्रभारी अतुल हरदहा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय ऊधोराम साहू घर में अकेले थे। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसे थे और विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी।

### पुलिस ने जुटाए आवश्यक साक्ष्य

पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। घर से कितनी नकदी या सामान चोरी हुआ है तथा हत्या के पीछे की वास्तविक वजह क्या है, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

# खेतों में रोका गया पानी, फसलें हो रहीं हैं बर्बाद

राखी, कुमगवा, बरबटा जमुनिया सहित कई गांव के किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**पाटन, नवभारत।** पाटन तहसील कार्यालय में गुरुवार दोपहर लगभग 1:00 को जमुनिया, राखी, कुम्गवान, बरबटा सहित कई गांव के किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जमुनिया, कुमगवाँ बरबटा, राखी सहित कई गांव के किसान पानी की निकासी न होने से परेशान है जिन गांव से इस पानी की निकासी होती है वहां की किसानों ने इसे बंद कर रखा है जिसके चलते लगभग 500 एकड़ की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है किसानों का कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है और इसके बाद प्रशासन से शिकायत करने के बाद ही कार्रवाई होती है। किसानों का कहना है कि मामले में कोई स्थाई व्यवस्था इन किसानों की की जाए। ग्राम राखी के किसान अमित पटेल वीरेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में किस पाटन तहसील कार्यालय पहुंचे और यहां पर एक ज्ञापन तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी को सोपा। ज्ञापन में मांग की गई थी जल्द से जल्द इन गांव की किसानों से बातचीत कर समाधान निकाला जाए ताकि उनकी फसल बर्बाद होने से बच सके। वही मामले में पाटन तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी का कहना है कि किसान अपनी समस्या लेकर आए थे पटवारी को भेज कर स्थिति को देखा जाएगा और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

हादसा

एक ही परिवार के थे चारों मृतक, एक गंभीर, भरौला स्थित सिद्ध बाबा क्षेत्र के पास हादसा

# परीक्षा दिलाने जा रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार








**उमरिया नवभारत 9 जुलाई।** गुरुवार तड़के जिले में हुए भीषण सड़क हादसे ने अनूपपुर जिले के एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। बताया जाता है कि हादसे में सरपंच, उनकी हेड कॉन्स्टेबल पत्नी, एक महिला और तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।

मिली जानकारी अनुसार चित्रकूट परीक्षा दिलाने जा रहे परिवार की अर्टिगा कार नेशनल हाईवे-43 पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराई, जिसमें परिवार के 4 सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

### कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

पुलिस के अनुसार हादसा गुरुवार सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र की सिविल लाइन चौकी अंतर्गत भरौला स्थित सिद्ध बाबा क्षेत्र के पास का है। अनूपपुर जिले के लीला गांव का परिवार अर्टिगा कार एमपी-18 जेडई 9677 से चित्रकूट जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक से कार पीछे से जा भिड़ी। जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग वाहन में फंस गए।

### पूरे गांव में शोक की लहर

हादसे में लीला गांव के सरपंच कुलपत सिंह, उनकी पत्नी एवं मप्र पुलिस में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल सविता सिंह मार्को, प्रियंका सिंह तथा 3 वर्षीय रुद्र प्रताप की मौत हो गई। जबकि कुछ ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, सिविल लाइन चौकी पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।